102

DATE

275 दैनिक जागरण :- 01|08|2025

# पांच अगस्त तक मिलेगा बतरा कालेज में कोर्स में प्रवेश

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में सत्र 2025-26 के लिए पीजीडीसीए, स्नातकोत्तर अंग्रेजी, अर्थशास्त्र और हिंदी के प्रथम वर्ष में कुछ रिक्तियां उपलब्ध हैं। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने जानकारी दी कि प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि को पांच अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। इस तिथि तक विद्यार्थी इन विषयों में प्रथम वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रास्पेक्टस और प्रवेश फार्म महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। यह अवसर उन छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है जो उच्च शिक्षा की दिशा में कदम बढ़ाना चाहते हैं। महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और सुविधाएं छात्रों को एक उत्कृष्ट शैक्षणिक अनुभव प्रदान करेंगी। सभी इच्छुक छात्रों को इस अवसर का लाभ उठाएं।

276 पंजाब केसरी :- 01|08|2025

# बतरा महाविद्यालय में प्रवेश तिथि बढ़ी

पालमपुर, 31 जुलाई (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में सत्र 2025-26 के लिए पी.जी.डी.सी.ए., स्नातकोत्तर अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिंदी की प्रथम वर्ष की कुछ रिक्तियां होने के कारण ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया गतिमान है। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने बताया कि अब प्रवेश प्रक्रिया को 5 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। विद्यार्थी इन विषयों में 5 अगस्त तक प्रथम वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं। प्रोस्पैक्टस और प्रवेश फार्म महाविद्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध है।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

277 दिव्य हिमाचल
02/08/2025

बीए प्रथम वर्ष के रिजल्ट में अखिल कपूर 10वें स्थान पर



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के अखिल कपूर ने विश्वविद्यालय शिमला की ओर से घोषित बीए प्रथम वर्ष के परिणाम में मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने इस उपलब्धि पर छात्र और इतिहास विभाग के प्रोफेसर राजेश नरयाल और पूनम शर्मा को बधाई दी।

278. दिव्य हिमाचल :-
02/08/2025

रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई ने मनाया स्कार्फ दिवस



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा विश्व स्कार्फ दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्राचार्य प्रो. पंकज सूद को स्कॉर्फ पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. सूद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रोवर्स एवं रेंजर्स संगठन युवाओं में सेवाएं अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने छात्रों को समाजसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रो. कल्पना ऋषि, प्रो सुनीता सिरमोरिया, रोवर्स लीडर डॉ रविंदर ठाकुर उपस्थित रहे।

279 पंजाब केसरी :-
02/08/2025



पालमपुर : शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के अखिल कपूर ने विश्वविद्यालय शिमला की ओर से घोषित बी.ए. प्रथम वर्ष के परिणाम में मैरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्र और इतिहास विभाग के प्रोफैसर राजेश नरियाल और पूनम शर्मा को बधाई दी। (भृगु)

280. पंजाब केसरी :-
02/08/2025

# समाज सेवा में हमेशा रहें तत्पर : पंकज



पालमपुर: विश्व स्कार्फ दिवस पर प्राचार्य को सम्मानित करने के पश्चात रोवर एंड रेंजर सामूहिक चित्र में। (भृगु)

पालमपुर, 1 अगस्त (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा विश्व स्कार्फ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्राचार्य प्रो. पंकज सूद को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो. सूद ने कहा कि रोवर्स एवं रेंजर्स संगठन युवाओं में सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। उन्होंने छात्रों को समाजसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रो. कल्पना ऋषि, प्रो. सुनीता सिरमौरिया, रोवर्स लीडर डॉ. रविंदर ठाकुर उपस्थित रहे।

281 दैनिक जागरण :-
02/08/2025

## मेरिट सूची में आने पर अखिल को दी बधाई

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के अखिल कपूर ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) शिमला की ओर से घोषित बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने इस उपलब्धि पर छात्र अखिल कपूर, इतिहास विभाग के प्रो. राजेश नरयाल और प्रो. पूनम शर्मा को बधाई दी है। (संस)

282. दैनिक जागरण :-
02/08/2025

## वर्ल्ड स्कार्फ डे मनाया

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई ने विश्व स्कार्फ दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्राचार्य प्रो. पंकज सूद को स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया।

प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि रोवर्स एवं रेंजर्स संगठन युवाओं में सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करता है। इस कार्यक्रम में प्रो. कल्पना ऋषि, प्रो. सुनीता सिरमोरिया और रोवर्स लीडर डा. रविंदर ठाकुर भी उपस्थित रहे।

classmate



Scanned with OKEN Scanner

DATE

283. पंजाब केसरी :- 09/08/2025

## रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य पर औषधीय पौधे रोपे



पालमपुर: पौधारोपण करती हुईं कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना ऋषि व अन्य। (भृगु)

पालमपुर, 8 अगस्त (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के वनस्पति विभाग ने रक्षाबंधन के अवसर पर औषधीय पौधों का रोपण कर रक्षाबंधन पर्व को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया। इस अवसर पर बोटैनिकल गार्डन में तुलसी, एलोवेरा, अश्वगंधा और गिलोए आदि पौधों का रोपण किया। कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने कहा कि हमें पर्यावरण हितैषी और प्रेमी दोनों बनना होगा, वरना प्रलय निश्चित है। रक्षाबंधन त्यौहार को प्रकृति प्रेम से जोड़ते हुए यह संकल्प किया गया कि देवभूमि हिमाचल हरी-भरी और प्रफुल्लित रहे। इस अवसर पर प्रो. राजीव भूरिया, प्रो. विपिन कुमार, प्रो. अतुल, डॉ. दिवाकर और आशीष उपस्थित रहे। अंत में सभी ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।

284. हिमाचल दस्तक :- 09/08/2025

## पालमपुर में रक्षाबंधन पर रोपे औषधीय पौधे



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के वनस्पति विभाग ने शुक्रवार को रक्षाबंधन के अवसर पर औषधीय पौधे रोपे। इस अवसर पर बोटेनिकल गार्डन में तुलसी, एलोवेरा, अश्वगंधा और गिलोय आदि पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने कहा कि हमें पर्यावरण हितैषी और प्रेमी दोनों बनना होगा, वरन प्रलय निश्चित है। विभागाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी ठाकुर ने कहा कि राखी जहां सुरक्षा का प्रतीक है वहीं यह पौधे आने वाले वर्षों तक हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करेंगे। छात्रों ने औषधीय पौधों के महत्व के बारे में जानकारी हासिल की। इस अवसर पर प्रो. राजीव भूरिया, प्रो. विपिन कुमार, प्रो. अतुल, डॉ. दिवाकर और आशीष उपस्थित रहे। अंत में सभी ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया।

285. दैनिक जागरण :- 09/08/2025

## रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में किया पौधारोपण

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन बिक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के वनस्पति विभाग ने शुक्रवार को रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में औषधीय पौधे रोपकर रक्षाबंधन पर्व को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया। बोटेनिकल गार्डन में तुलसी, एलोवेरा, अश्वगंधा और गिलोयआदि के पौधे रोपे गए। प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने कहा कि हमें पर्यावरण हितैषी और प्रेमी दोनों बनना होगा, वरन प्रलय निश्चित है। रक्षाबंधन त्योहार को प्रकृति प्रेम से जोड़ते हुए यह संकल्प किया गया कि देवभूमि हिमाचल हरी-भरी और प्रफुल्लित रहे। विभागाध्यक्ष डा. मीनाक्षी ठाकुर ने कहा कि राखी जहां सुरक्षा का प्रतीक है, वहीं यह पौधे आने वाले वर्षों तक हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करेंगे। छात्रों ने औषधीय पौधों के महत्व के बारे में जानकारी हासिल की। इस अवसर पर प्रो राजीव भूरिया, प्रो. विपिन कुमार, प्रो अतुल उपस्थित रहे। सभी ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया। (संस)



Scanned with OKEN Scanner

DATE

286. दिव्य हिमाचल !- 15/8/25

## पेंटिंग में हेमंत किशोर अव्वल

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर रेंजर इकाई द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, सतत् भारत विकसित भारत, भारतीय सांस्कृतिक धरोहर इत्यादि विषयों को अपनी कलात्मक प्रतिभा द्वारा प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में हेमंत किशोर ने प्रथम स्थान, प्रिंस ने द्वितीय स्थान, अंकित सिंह व विभूति वालिया ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

287. दैनिक जागरण !- 15/8/25

## बतरा कालेज में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा कालेज में प्रतियोगिता के बाद प्रतिभागी ● सौजन्य कालेज

संवाद सहयोगी, जागरण ● पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के स्टैंडर्ड्स क्लब ने भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से फ्रास्टरिंग सस्टेनेबल वर्ल्ड विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता प्रो. मनीषा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। जिसमें करमवीर सिंह ने संसाधन व्यक्ति के रूप में भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर प्रो. कल्पना ऋषि, डा. अनीता, डा. बोविंदर कटोच, डा. अनुराधा, डा. मीनाक्षी ठाकुर, प्रो. विपिन, प्रो. आदित्य ओझा और क्लब के सदस्य डा. कमलेश राणा एवं प्रो. अतुल भी उपस्थित रहे।

288. पंजाब केसरी !- 17/8/25



पालमपुर: कैप्टन विक्रम बत्रा महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित प्राचार्य तथा अन्य। (भृगु)

PAGE

classmate

Scanned with OKEN Scanner

DATE

289 दिव्य हिमाचल :- 19/8/25

## इग्नू में प्रवेश और दोबारा पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 तक बढ़ाई

पालमपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई सत्र 2025 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 31 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी अध्ययन केंद्र 1187 द् शहीद कैप्टन विक्रम बतरा गवर्नमेंट कालेज पालमपुर के समन्वयक लेफ्टिनेंट डा. दीप कुमार ने दी, जो छात्र पूर्व में इग्नू से जुड़े हुए हैं और अभी तक अपने अगले सेमेस्टर वर्ष के लिए पुनः पंजीकरण नहीं कर पाए हैं, वे भी इस तिथि तक प्रक्रियां पूरी कर सकते हैं। साथ ही नए विद्यार्थी भी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

290 पंजाब केसरी :- 19/8/25

## इग्नू में प्रवेश व पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 तक बढ़ाई

पालमपुर, 18 अगस्त (भृगु): इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई सत्र 2025 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

यह जानकारी अध्ययन केंद्र 1187 शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा गवर्नमैंट कॉलेज, पालमपुर के समन्वयक लैफ्टिनैंट डॉ. दीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जो छात्र पूर्व में इग्नू से जुड़े हुए हैं और अभी तक अपने अगले सैमेस्टर, वर्ष के लिए पुनः पंजीकरण नहीं कर पाए हैं, वे भी इस तिथि तक प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। साथ ही नए विद्यार्थी भी स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा व सर्टीफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक जागरण :- 24/8/25

# डिजिटल युग में हो डाटा साइंस की समझ

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के करियर काउंसिलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल ने आइबीएम कौशल निर्माण विषय पर अभिविन्यास सत्र का आयोजन किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप बदलती तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस व साइबर सिक्योरिटी की समझ होनी चाहिए। मुख्य वक्ता आइबीएम स्किल्स बिल्ड सीएसआर बाक्स की एसोसिएट मैनेजर और एआइ ट्रेनर रितु ठाकुर ने बताया कि यह निश्शुल्क आनलाइन शिक्षण और कौशल विकास मंच है, जो तकनीकी व पेशेवर कौशल सीखने पर केंद्रित है। मंच संचालन डा. मीनाक्षी ठाकुर ने किया। करियर काउंसिलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डा. शैलजा



कैप्टन विक्रम बतरा कालेज में अभिविन्यास सत्र के बाद छात्र स्टाफ के साथ • सौ. कालेज

वासुदेव ने रितु ठाकुर को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. कल्पना ऋषि, डा. अजय ठाकुर, डा. अनुपम डोगरा, प्रो. विवेक चौधरी, डा. साहिल महाजन, डा. मयंक राणा, प्रो. तरसेम व प्रो. सुरेश आदि उपस्थित रहे।

हिमाचल दस्तक :- 24/08/2025

# शिक्षार्थियों के लिए आईबीएम कौशल निर्माण पर अभिविन्यास सत्र का आयोजन

हिमाचल दस्तक ■ पालमपुर

सीएसआर बॉक्स और आईबीएम स्किल्स बिल्ड के तत्वावधान में शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के करियर, काउंसलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा व्यस्क शिक्षार्थियों के लिए आईबीएम कौशल निर्माण, विषय पर अभिविन्यास सत्र का आयोजन किया गया।

प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप बदलती तकनीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों की समझ होनी चाहिए। आईबीएम स्किल्स बिल्ड सी एस आर बॉक्स की एसोसिएट मैनेजर और एआई ट्रेनर रितु ठाकुर इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने बताया कि यह एक निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षण और कौशल विकास मंच है जो तकनीकी और पेशेवर कौशल सीखने पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण आईबीएम स्किलस बिल्ड सीएसआर बॉक्स और शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के बीच एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर होना था, जिसमें भविष्य के अभिविन्यास कार्यक्रमों और छात्र केंद्रित पहलों के संचालन के लिए एक सहयोगी साझेदारी की शुरुआत को चिह्नित किया। मंच संचालन डॉ. मीनाक्षी ठाकुर ने किया। करियर काउंसलिंग गाइडेंस और प्लेसमेंट सैल की समन्वयक डॉ. शैलजा वासुदेव ने रितु ठाकुर को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस इस अवसर पर प्रो. कल्पना ऋषि, डॉ. अजय ठाकुर, डॉ. अनुपम डोगरा, प्रो. विवेक चौधरी, डॉ. साहिल महाजन आदि मौजूद रहे।

DATE

~~केसरी~~ पंजाब केसरी 30/8/2025



पालमपुर : खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागी प्राचार्य के साथ सामूहिक चित्र में।(भृगु)

में मुख्य अतिथि चुन्नी लाल खरवाल ने खेलकूद प्रतियोगिताओं की शुरूआत की। इस अवसर पर क्लब प्रधान अजय राणा, उपप्रधान हर्ष राणा, सचिव सन्नी कपूर सहित भूतपूर्व पंचायत उपप्रधान सुरेन्द्र राणा, राजेश राणा, संजीव ठाकुर, अरुण राणा, रोहन राणा, पवन कपूरी, सचिन जग्गी, यशपाल राणा और सुनील कपूर उपस्थित रहे।

**कांगड़ा (अविनाश):** एम.सी.एम. डी.ए.वी. महाविद्यालय कांगड़ा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शतरंज प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने किया। प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**पालमपुर (भृगु):** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। महिला वर्ग में प्रथम वर्ष की टीम और पुरुष वर्ग में द्वितीय वर्ष की टीम विजयी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को फिटनैस के लिए प्रेरित किया।

हिमाचल दस्तक : 30/8/2025

## प्रथम वर्ष की टीम बनी कबड्डी विजेता

**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए कबड्डी (पुरुष एवं महिला वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चार टीमों ने भाग लिया। वालीबाल और बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए फिटनेस के महत्व पर बल दिया और कहा कि किस प्रकार खेलों और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से हम फिट इंडिया मूवमेंट के उद्देश्यों को प्राप्त कर सकते हैं। महिला वर्ग में प्रथम वर्ष की टीम और पुरुष वर्ग में द्वितीय वर्ष की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों की सामूहिक भागीदारी को सुनिश्चित करने तथा खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।

दैनिक जागरण : 30/8/2025

पालमपुर : कैप्टन विक्रम बतरा कालेज पालमपुर में कबड्डी (पुरुष एवं महिला वर्ग) प्रतियोगिता व वालीबाल प्रतियोगिता करवाई गई। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए फिटनेस के महत्व पर बल दिया। वहीं, थुरल कालेज में भी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। विजेताओं को महाविद्यालय प्राचार्य राका शर्मा व रवि सिंह पालसरा खेल संयोजक ने




कैप्टन विक्रम बतरा कालेज पालमपुर में कबड्डी व वालीबाल प्रतियोगिता के खिलाड़ी प्राचार्य व स्टाफ के साथ • सौजन्य : कालेज प्रशासन

classmate

Scanned with OKEN Scanner